Re: Issues pertaining to railways in Palamu Parliamentary Constituency

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू):** कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह-चोपन-चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं होने से पलामू क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोष, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियाकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । उक्त ट्रेन का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने की जनता के द्वारा लगातार मांग की जा रही है साथ ही रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर किया जा रहा है । विदित है कि उक्त स्टेशन पर एक मात्र चोपन-गोमो पैसेंजर ट्रेन रुकती है तथा कोई भी अन्य पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया है । मेराल स्टेशन से रमना स्टेशन एवं गढ़वा स्टेशन की दूरी लगभग 11-11 किलोमीटर है, जिसके कारण यहाँ की जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अतः महोदय आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने एवं ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने की कृपा की जाए ।

माननीय सभापति **:** श्री जगदम्बिका पाल (उपस्थित नहीं),

श्री नारणभाई काछड़िया (उपस्थित नहीं),

डॉ. उमेश जी. जाधव ।